To Develop the Sports Stadium

60. SH. RAKESH DAULTABAD, M.L.A.:

Will the Chief Minister be pleased to state:-

a) The regulations under which the sports stadiums and indoor stadiums are developed in State;

b) Whether there is any regulation or study that classifies to what regional and population extent a sports stadium is considered adequate;

c) The qualification for an area for the development of a sports stadium of indoor sports facility; and

d) The Government facilities are being provided in the district Gurugram and the Badshahpur Assembly Constituency for niche sports such as golf, skateboarding, gymnastic and squash etc.?

SH. MANOHAR LAL, CHIEF MINISTER:

a & c) The decision to build a sports stadium/ indoor stadium is made keeping in view the factors like the demand of the local public, availability of land, the potential & achievements of the local players, available sports infrastructure in the vicinity etc.

b) The Sports Department has got done Geo-mapping of the available sports infrastructure and the potential to decide sports infrastructure in various parts of the state.

d) There are no Government facilities for Golf, Skateboarding, Gymnastics and Squash in Badshahpur Assembly Constituency. However, facilities for various sports such as Cricket, Athletics, Judo, Kabaddi, Boxing, Aarchery, Basketball, Volleyball, Wrestling, Table-Tennis, Gymnastics, Taekwondo, Weight-Lifting, Lawn-Tennis and Yoga have been provided in Gurugram District.

स्पोर्टस स्टेडियम विकसित करना

60. श्री राकेश दौलताबाद (बादशाहपुर):

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) विनियम क्या है जिनके अन्तर्गत राज्य में खेल स्टेडियम तथा इंडोर स्टेडियम विकसित किए जाते हैं;

(ख) क्या कोई विनियमन या अध्ययन है जो यह वर्गीकृत करता है कि एक खेल को किस क्षेत्रीय तथा जनसंख्या सीमा तक पर्याप्त माना जाता है;

(ग) एक क्षेत्र में एक खेल स्टेडियम या इंडोर खेल सुविधा के विकास के लिए योग्यता क्या है; तथा

(घ) क्या जिला गुरूग्राम और बादशाहपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में विशिष्ट खेलों जैसे गोल्फ, स्केट बोर्डिंग, जिम्नास्टिक और स्क्वैश इत्यादि के लिए सरकारी सुविधाएं प्रदान की जा रही है?

श्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री:

(क) व (ग) खेल स्टेडियम/ इन्डोर स्टेडियम बनाने का निर्णय स्थानीय जनता की मांग, भूमि की उपलब्धता, स्थानीय खिलाडियों की क्षमता और उपलब्धियां आसपास के क्षेत्र में उपलब्ध खेल बुनियादी ढांचे जैसे कारकों को ध्यान में रखते हुए किया जाता है।

ख) खेल विभाग ने खेल अवसंरचना बनाने का निर्णय लेने हेतु उपलब्ध खेल अवसंरचनाओं व सम्भावनाओं की जियो-मैपिंग करवाई है।

घ) बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र में गोल्फ, स्केट बोर्डिंग, जिम्नास्टिक और स्क्वैश के लिए कोई सरकारी सुविधाएं नहीं है। हालांकि, गुरूग्राम जिला में क्रिकेट, एथलैटिक्स, जुडो, कबडडी, मुक्केबाजी, तीरंदाजी, बास्केटबाल, वालीबाल, कुश्ती, टेबल-टेनिस, जिम्नास्टिक, ताईक्वाडो, भारोत्तोलन, लॉन-टैनिस और योग जैसे विभिन्न खेलों की सुविधाएं प्रदान की गई है।